कक्षा – 4

विषय - हिन्दी व्याकरण

पाठ-1 (भाषा, लिपि और व्याकरण)

प्रश्न -1 निम्न प्रश्नो के उत्तर दो –

क) भाषा का क्या अर्थ है?

उत्तर- भाषा का शाब्दिक अर्थ अपने भावो या विचारो को कहना या व्यक्त करना होता है ।

ख) मौखिक तथा लिखित भाषा मे अंतर बताओ।

उत्तर- मौसिक तथा लिखित भाषा मे निम्न अंतर है।

मौखिक भाषा = जब हम बोलकर अपने विचार प्रकट करते है, तो इसे मौखिक भाषा कहते है। यह भाषा का मौलिक (प्रारंभिक) रूप है।

लिखित भाषा = जब हम लिखकर अपने विचार व्यक्त करते हैं, तो उसे लिखित भाषा कहते हैं। यह भाषा का स्थायी रूप है।

ग) लिपि की परिभाषा लिखो ।

उत्तर--भाषा को लिखने का ढंग लिपि कहलाता है ।

घ) व्याकरण किसे कहते है ?

उत्तर- भाषा का शुद्ध रूप का ज्ञान कराने वाले शास्त्र को व्याकरण कहते हैं।

Scanned with CamScanner

2. निम्नलिखित शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–

तीन, माध्यम, व्याकरण, लिखित भाषा

(क) भाषा विचारों और भावों को प्रकट करने का माध्यम है।

(ख) भाषा के तीन रूप होते हैं।

(ग) व्याकरण से हमें भाषा के सही रूप की जानकारी मिलती है।

(घ) लिखित भाषा, भाषा को स्थायी बनाती है।

3. निम्नलिखित में से जो कथन लिखित भाषा से संबंधित हैं, उनके सामने लिखित भाषा तथा जो मौखिक भाषा से संबंधित हैं, उनके सामने मौखिक भाषा लिखो–

(क) यह भाषा का प्रारंभिक रूप है। मौखिक भाषा

(ख) इसे सीखने के लिए विशेष प्रयत्न करना पड़ता है। लिखित भाषा

(ग) हमारे दैनिक जीवन में अधिकांश कार्य इसी भाषा में होते हैं। मौखिक भाषा

(घ) यह भाषा का स्थायी रूप है। लिखित भाषा

4. नीचे कुछ प्रदेशों के नाम लिखे हैं, उनके सामने उन प्रदेशों की भाषाएँ लिखो–

(क) पंजाब पंजाबी

(ख) हरियाणा हरियाणी

(ग) केरल मलयालम

(घ) तमिलनाडु तमिल

(ङ) उत्तर प्रदेश हिन्दी

5. निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा गलत है?

(क)	गुजरात	गुजराती	✓
(ख)	पश्चिम बंगाल	बंगाली	✓
(ग)	महाराष्ट्र	महाराष्ट्री	✗
(घ)	कश्मीर	कश्मीरी	✓

Scanned with CamScanner